(श्री उमाकांत मिश्र)

सूखाग्रस्त क्षेत्रों में नलकूप तथा लिफ्ट सिचाई के साधनों को ठीक करवाया जाये तथा अधिकतम घंटे बिजली की आपूर्ति करके नलकूप तथा लिफ्ट नलों के द्वारा पानी देकर सिचाई की अधिकतम व्यवस्था की जाये एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में मजदूरों को रोजगार देने के लिए उपयोगी काम करवाये जायें।

(vi) Need for Rapid Industrial Development of Aonla parliamentary Constituency of U.P.

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : आंवला संसदीय क्षेत्र एक बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिये यह आवश्यक है कि एक कागज का कारखाना, एक कताई मिल, एक पोलिथिन (वैग) बोरों का कारखाना और तिलहन से घी तैयार करने का कारखाना और अनेक ग्रह उद्योग स्थापित किये जायें। इस क्षेत्र के लोगों की बराबर यह मांग रही है। सरकार विशेष ध्यान देकर इन कारखानों को स्थापित कराने में शीघ्रता करें।

(vii) Demand for Constituting an All-India Technical Service on the lines of the I.A.S.

प्रो. अजीत कुमार मेहता (समस्तीपुर) देश की प्रगति और विकास कार्यों में अभियंताओं को अहम भूमिका रहती है। विकास कार्यों की विफलता का सारा दोष अभियंताओं पर ही थोपा जाता है जो काफी हद तक सही भी है लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता कि किन परिस्थितियों में रहकर उन्हें काम करना पड़ता है। तकनीकी मामलों के विशेषज्ञ अभियंताओं को भी प्रशासनिक अधिकारियों (आई ए एस) के अधीन रह कर काम करना पड़ता है। परियोजनाओं को पूरा करने में उनके उन आदेशों को भी मानना पड़ता है जो तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं होते। फिर भी उनके अधीन काम करने की वजह से उन्हें उनका वह आदेश भी मानना पड़ता है। फलत: इस तरह के आदेश और आपसी तालमेल न रहने की वजह से ही परियोजनाओं को सफलता नहीं मिलती।

बहुत बड़ी संख्या में अभियंता कई सालों तक अस्थायी रूप से ही काम करते रहते हैं। अस्थायी रूप से काम करने की वजह से न तो वे ठीक से अपना काम ही कर पाते हैं और न अपने कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान ही रह पाते हैं और इसकी वजह यह होती है कि अपनी अस्थायी नौकरी को स्थायी करवाने के लिए उन्हें प्रयत्न करने पड़ते हैं जिससे मूल्यवान समय के साथ साथ उनकी आर्थिक क्षति भी होती है। कई जगह तो ऐसा होता है कि ऐसी परिस्थिति में उन्हें अपने कर्त्तव्य के पालन में कई तरह की उलझनें और कठिनाइयां पैदा होती रहती हैं।

अभियंताओं के अनिश्चित भविष्य को देखते हुए सरकार से मांग है कि एक निश्चित अवधि के अन्दर उनकी सेवा को स्थायी कर देना चाहिए। तथा तकनीकी विशेषज्ञों की मर्यादाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए जिस तरह से अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा हैं उसी तरह से अखिल भारतीय तकनीकी सेवा का भी गठन करने की मैं मांग करता हूं।

(viii) Need to set up the proposed Dredger Repairing Complex at Haldia.

SHRI SATYAGOPAL MISRA (Tamluck) : Recently the Government